७ ,, नीचला त्रिक का संख्यात गुणां ।
८ ,, १२ मां देवलोकका संख्यात गुणां ।
९ ,, ११ मां देवलोकका संख्यात गुणां ।
१० ,, १० मांका संख्यात गुणां ।
११ ,, ९ मांका संख्यात गुणां ।
१२ ,, सातमी नरक का नेरिया असंख्यात गुणां ।
१३ ,, छट्ठी नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।
१४ ,, आठमां देवलोकका देवता असंख्यात गुणां ।
१५ ,, सातमां देवलोकका देवता असंख्यात गुणां ।
१६ ,, ५ मी नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।
१७ ,, छट्ठा देवलोक का देवता असंख्यात गुणां ।
१८ ,, चौथी नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।
१९ ,, पांचवां देवलोक का देवता असंख्यात गुणां ।

२० ,, तीजी नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।

२१ ,, चौथा देवलोकका देवता असंख्यात गुणां ।

२२ ,, तीजा देवलोकका देवता असंख्यात गुणां ।

२३ ,, दूजी नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।

२४ ,, छिमोछिम मनुष्य असंख्यात गुणां ।

२५ ,, दूजा देवलोकका देवता असंख्यात गुणां ।

२६ ,, दूजांकी देव्यां संख्यात गुणां ।

२७ ,, पहला देवलोकका देवता संख्यात गुणां ।

२८ ,, पहलांकी देव्यां संख्यात गुणी ।

२९ ,, भवनपति देवतां असंख्यात गुणां ।

३० ,, भवनपती की देव्यां संख्यात गुणी ।

३१ ,, पहली नारकी का नेरिया असंख्यात गुणां ।

३२ ,, खेचर पुरुष असंख्यात गुणां ।

३३ ,, खेचरणी संख्यात गुणी ।

३४ ,, थलचर पुरुष संख्यात गुणां ।

३५ ,, थलचरणी संख्यात गुणीं ।

३६ ,, जलचर पुरुष संख्यात गुणां ।

३७ ,, जलचरणी संख्यात गुणी ।

३८ ,, वानव्यंतर देवता संख्यात गुणां ।

३९ ,, वानव्यंतर देवी संख्यात गुणी ।

४० ,, जोतषी देवता संख्यात गुणां ।

४१ ,, जोतषीनी देवी संख्यात गुणीं ।

४२ ,, खेचर नपुंसक संख्यात गुणां ।

४३ ,, थलचर नपुंसक संख्यात गुणां ।

४४ ,, जलचर नपुंसक संख्यात गुणां ।

४५ ,, चौइन्द्रीका पर्याप्ता संख्यात गुणां ।

४६ ,, पंचेन्द्रीका पर्याप्ता विशेषाईया ।

४७ ,, बेन्द्री पर्याप्ता विशेषाईया ।

४८ ,, तेइन्द्री पर्याप्ता विशेषाईया ।

४९ ,, पंचेन्द्री अपर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

५० ,, चौइन्द्री अपर्याप्ता विशेषाईया ।

५१ ,, तेइन्द्री अपर्याप्ता विशेषाईया ।

५२ ,, बेन्द्री अपर्याप्ता विशेषाईया ।

५३ ,, बादर प्रत्येक वनस्पती पर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

५४ ,, बादर निगोद पर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

५५ ,, बादर पृथ्वीकाय पर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

५६ ,, बादर अप्पकाय पर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

५७ ,, बादर वायुकाय पर्याप्ता असंख्यात गुणां ।

९५ „ छद्मस्थ विशेषाईया ।

९६ „ सजोगी विशेषाईया ।

९७ „ संसारी जीव विशेषाईया ।

९८ „ सर्व जीव विशेषाईया ।

अथः प्रतिक्रमण ।

अर्थ सहित ।

—:o—

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो
नमस्कार थावो श्री अरिहन्त नमस्कार थावो श्री नमस्कार
भगवन्त नें सिद्ध भगवान नें थावो
आयरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए
श्री आचारज नमस्कार थावो श्री नमस्कार थावो
महाराज नें उपाध्याय महाराज नें लोक के विषै
सव्व साहुणं ।
सर्व साधु मुनिराजो नें ।

॥ अथ तिक्खुत्ता की पाटी ॥

❀ अर्थ सहित । ❀

—:o:—

तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं वंदामि नमं
तीन वार दाहिणा प्रदक्षिणा वंदना सत्कार नम
पासाथी देई करूं स्कार

सामी सक्कारेमी समाणेमी कल्लाणं मंगलं
करूं सत्कार देऊ सनमान करूं कल्याणकारी
मंगल कारी

देवयं चेईयं पज्जुवासामी मत्थएण वंदामी
धर्म देव चित्त प्रसन्न सेवना करूं मस्तके करी वंदना
कारी ज्ञान नमस्कार
वंत करूं

इच्छामि पड़िक्कमिओ इरिया वहियाए
इच्छूं, वाच्छूं प्रतिक्रमवो तें मार्ग नें विषें ज्यो
निवर्त्तवो

विराहणा ए गमणागमणे पाणक्कमणे
विराधना हुई जातां आतां प्राणी बेन्द्रियादि नो
होय आक्रमण करणूं ते
दवणूं

बीयक्कमणे हरियक्कमणे ओसा उत्तिंग पणग
बीजको दावणूं हरि लीलीके ओसको कीडीका नीलण
दावणूं बिल फूलण

दग मट्टी मक्कड़ा संताणा संकमणे जे
पाणी को माटीका मकडी का जाला मर्दवो तो जो
दावलो जीव डयाहोय

मे जीवा विराहिया एगिंदिया बेइंदिया
में जीव विराध्यो होय एकेन्द्री जीव बेइन्द्री जीव

तेइंदिया चउरिंदिया पंचेंदिया अभी
तेइन्द्री जीव चौइन्द्री जीव पचइन्द्री जीव सनमुख

हया वत्तिया लेसिया संघाइया संघ
आतांहण्यां धूलसे रगड्या घातन कस्या संघट्ट
वरती करी ढक्यां

ट्टिया परियाविया किलामिया उद्दविया
किया परिताप्या कीलामना उपजाई उपद्रव किया

ठाणा उठाणं संकामिया जीवियाओ वव
एक स्थानसे दूसरे स्थान पटक्या जीवत से

रोविया तस्समिच्छामि दुक्कडं ॥ १ ॥
नासकिया तेहनो मिच्छामि दूकडं ।

॥ अथ तस्सुत्तरी ॥

तस्सउत्तरी करणेणं पायच्छित्त करणेणं
तेहनो उत्तर करवो प्रायश्चित् करवो
प्रधान

विसोही करणेणं विसल्ली करणेणं
विशुद्धि करवो सल्य रहित करवो

पावाणं कम्माणं निग्घाय णट्ठाए
पाप कर्मका नास करवा निमित

ठामि करेमि काउसग्गं अन्नत्थ
स्थिर करूं छूं काय उत्सर्ग इण मुजब
हुई पतलो विशेष

ऊससिएणं नीससिएणं खासिएणं छीएणं
ऊंचाखास नीचाखास खांसी छींक

जंभाइएणं उड्डुएणं वाय निसग्गेणं भमलीए
उवासी डकार अधोवायु भंवल
पित्तमुच्छाए सुहुमेहिं अङ्गसंचालेहिं
पित्तकर मूर्छा सूक्षमपणे शरीरको हालवो
सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं सुहुमेहिं दिट्ठिसंचालेहिं
सूक्षमपणें श्लेष्मको संचाल सूक्षम दृष्टी चलावो
एवमाइएहिं आगारेहिं अभग्गो अविराहो
इत्यादिक यह आधार से ध्यान भागे नहीं वीराधना
ऊ हुज्ज मे काउस्सग्गं जाव अरिहं
नहीं होज्यो मनें काउसगते ध्यान जिहां तक अरि
ताणं भगवंताणं नमोक्कारेणं नपारेमि
हन्त भगवन्तने नमस्कार करीने नही पारूं
ताव कायं ठाणेणं मोणेणं झाणेणं
तठातांई शरीरसे स्थानसे मौनकरी ध्यानकरी
अप्पाणं वोसरामि ॥ इति ॥
आतमां नें पापथकी वोसराऊं

॥ अथ लोगस्स ॥

लोगस्स उज्जोयगरे धम्म तित्थयरेजिणे
लोक के विषै उध्योतकारी धर्म तिर्थ करता जिन
अरिहन्ते कित्तइसं चउवीसंपि केवली
अरिहन्ताको कीर्ति करूं चोवीस वे केवली

उसभ मजियं च वंदे संभव मभिनंदणं च
ऋषभ अजित पुनः वंदु संभवनाथ अभिनन्दनजी पुनः

सुमइं च पउमप्पहं सुपासं जिणं च चंदप्पहं
सुमति पुनः पद्म प्रभु सुपार्श्व जिन पुनः चंदा प्रभु
नाथजी

वंदे सुविहिं च पुप्फदंतं सीयल सिज्जंस
वंदु सुविध पुनः दूसरो ना सीतल श्रेयांस
पुष्फदंत

वासुपुज्जं च विमल मणं तंच जिणं धम्मं
वासुपूज्य पुनः विमलनाथ अनन्तनाथजिन धर्मनाथ

संतिं च वंदामि ३ कुंथु अरिहं च मल्लिं
शान्ति पुनः वंदु कुन्थु अर पुनः मल्लिनाथ
नाथ नाथ

वंदे मुंणिसुव्वयं नमि जिणं च वंदामि
वंदु मुनिसुव्रत नमि जिन पुनः वंदु

रिट्ठनेमि पासं तह वद्धमाणं च ४ एवं
अरिष्ठनेम पार्श्वनाथ तथारूप वर्द्धमान पुन वंदु यह

मये अभिथुया विहूय रयमला पहीणा जर
मैं स्तुति करि दूर किया कर्म रूप खीणभया जनम
रंजमेल

मरणा चऊ वीसंपि जिणवरा तित्थ, यरा मे
मर्णजिणाका एहवा चौबीस जिन राज तिर्थंकर म्हारे

पसीयं तु ५ कित्तिय वंदिए महिया जे ए
प्रसन्नथावो कीर्तिकरी वंदु मोटा प्रने तेह ए
पुज्या ध्याय

लोगस्स उत्तमा सिद्धा आरोग्ग वोहिलाभं
लोकके विषे उत्तम सिद्ध छे रोग रहित समकित
बोध लाभ

समाहि वर मुत्तमं दिंतु ६ चंदेसु निम्मल
समाधि प्रधान उत्तम देवो चन्द्रमाथी निर्मल

यरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा सागर वर
घणा सूर्यथी अधिक प्रकाश करी समुद्र समान

गम्भीरा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ७
गंभीर एहवा सिद्ध सिद्धी मनैं देवो

॥ अथः नमोत्थुणं ॥

नमोत्थु णं अरिहंताणं भगवंताणं आइगराणं
नमस्कार थावो अरिहन्त भगवंत ने धर्म की आदि
करता

तित्थयराणं सयंसंबुद्धाणं पुरिसोत्तमाणं
तीर्थ करता विना गुरू पोते प्रति पुरुषामें उत्तम
बोध पाम्यां

पुरिस सिंहाणं पुरिसवरपुंडरीयाणं पुरि
पुरुषामें सिंह समान पुरुषां में पुंडरिक पुरुषा
कमल समान में

सवर गन्ध हत्थीणं लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं
गंध हाथी समान लोक मे उत्तम लोकका नाथ

लोगहिआणं लोगपईवाणं लोगपज्जोय गराणं
लोकमें हित लोकमें प्रदीप लोकमें उद्योत कारी
कारी समान

अभयदयाणं चक्खुदयाणं मग्गदयाणं सरणदयाणं
अभय दान ज्ञान चक्षु सुमार्ग दायक शरण दायक
दाता दायक

जीवदयाणं बोहिदयाणं धम्मदयाणं धम्मदेश
संजम जीव्व बोध दायक धर्म दायक धर्म देशनां
दायक

याणं धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवर
दायक धर्मका नायक धर्मका सारथी उत्तम धर्मकर

चाउरंत चक्कवट्टीणं दीवोताणं सरणगई पइठा
च्यार गतिका अंतकारी चक्र द्वीपा समान शरणागत नें
वर्त समान

अप्पडिहय वरनाणं दंसण धराणं विअट्टछउ
अप्रति हत प्रधानज्ञान दर्शन धारक निवर्त्यों

माणं जिणाणं जावयाणं तिन्नाणं तारयाणं
छद्मस्थ जीत्या अने जीतावे पोते तीरा दूसरानें
पणो दूजाने तारे

बुद्धाणं बोहयाणं मुत्ताणं मोयगाणं सव्वनूणं
पोते प्रति दूजाने प्रति कर्मथी दूजाने सर्वज्ञान
बोध पाम्या बोधे मुकाव्या मुकावे

सव्वदरिसीणं शिवमयल मरुअ मणंत
सर्व दर्शण कल्याणकारी अचल अरुज अनन्त

मक्खय मव्वाबाह मप्पुणरावंती सिद्धिगइ
अक्षय अव्याव्याधि फेरु आवे नहीं इसी सिद्धगति

नामधेयं ठाणं संपत्ताणं नमो जिणाणं ॥ इति ॥
नामवाला स्थान प्राप्त हुआ ज्यां जिनेश्वरानें नमस्कार थावो

अथ आवस्सही इछामिणं भंते ।

आवस्सही इछामिणं भंते तुब्भहिं अब्भणुं
अवश्य इच्छूं छूं मैं हे भगवान तुम्हारी आज्ञासे

नायेसमाणे देवसी पडिक्कमणं ठाएमि देवसी
दिवस संबन्धी प्रति क्रमण करूं मैं दिवस संबन्धी

ज्ञान दर्शन चारित्र तप अतिचार चिंतवनार्थं
ज्ञान दर्शन चारित तप अतिचार चिन्तवना के अरथे

करेमि काउसग्गं ॥
करूं छूं मैं काऊसग ते ध्यान

अथ इच्छामि ठामि काउसग्ग ।

इच्छामि ठामि काउसग्गं जो मे देवसिउ अइ
इच्छूं छूं ठाऊं काउसग ज्यो मे दिवसमे अति

थार कओ काइओ वाइओ माणसिओ उस्सुतो
चार कीनों शरीरसे वचनसे मनसे भूंडा सूत्र

उमग्गो अकप्पो अकरणिज्जो दुज्झाउ दुव्वि
उन मार्ग अकल्पनीक नहीं करनो जोग दुर ध्यान खोटी

चिंतिओ अणायारो अणिच्छिअव्वो
चिन्तवना अणाचार नहीं इच्छवा जोग

असावगपावग्गो नाणे तहदंसणे चरिताचरिते
श्रावक के नहीं कर ज्ञान दर्शन देश वर्त
वा जोग पाप तें
व्रत भंगादि

सुए सामाइए तिण्हं गुत्तीण चउण्हं कसायाणं
श्रुत सामायक तीन गुप्ती च्यार कषाय

पंचण्हं मणुव्वयाणं तिण्हं गुण वयाणं चउण्हं
पाच अणूव्रत तीन गुण व्रत च्यार

सिक्खावयाणं बारस्स विहस्स सावग धम्मस्स
सिखा व्रत बारे विधि श्रावक धर्म को

जं खंडियं जं विराहियं तस्समिच्छामि
ज्यो खंडणा करी ज्यो विराधना करी तेहनो मिच्छामि

दुक्कडं ॥
दुक्कड

॥ अथ खमासमणो ॥

इच्छामि खमासमणो वंदिउ जावणिज्जाए
इच्छूं छू क्षमावन्त साधु वंदवा सचितादिछाडी निपापि
शरीरपणें हुई निर्जरा अर्थ

निसीहियाए अणुजाणह मेमि उग्गहं निस्सही

शरीर करी आज्ञा देवो मुजे मर्यादा, अशुभ जोग
माहीं निवर्त तो

अहो कायं कायसंफासं खमणिज्जो भे किलामो

चर्ण फर्शवाकी म्हारी कायासे खमज्यो हे भगवान किलामना
आज्ञा देवो तुमारा चर्ण
फर्शता

अप्पकिलंताणं बहुसुभेण भे दिवसोवइक्कंतो

थोड़ी किलामना बहुत समाधि भावकर, दिवस वील्यो
हुई हुवेतें तुमारो

जत्ता भे जवणिज्जं च भे खामेमि खमासमणो

संयम रूप इन्द्रीनोइन्द्रीना आपकुं खमाऊं हे क्षमावंत
यात्राथी तुमारा, उपशम थकी छूं साधु
निरोग शरीर

देवसियं वइक्कमं आवस्सिआए पडिक्कमामि

दिवस सम्बन्धी व्यतिक्रम अवश्य करणी ना पडिकमूं छू
अतिचार थकी

खमासमणाणं देवसियाए आसायणाए

क्षमावंत श्रमण दिवस संबन्धी आसातना

त ... जं किंचिमिच्छाए मणदुक्कडाए

तेत्तीस माहिली ज्यो कोई किंचित् मिथ्या मनसे दुष्कृत
क्रियाकरी किया

बयदुक्कडाए कायदुक्कडाए कोहाए माणाए

वचन से दुकृत काया से दुकृत क्रोधथी मानथी

मायाए लोभाए सबकालियाए सव्वमिच्छोवयाराए

माया कपट लोभकरी सर्व कालमें सर्व मिथ्याउप

चारक्रिया

सव्वधम्माइक्कमणाए आसायणाए जो मे देवसिओ

सर्व धर्म क्रियाका एहवी आसातनाउयो मे दिवस ने

उलंघन किया विखे

अइयार कओ तस्स खमासमणो पडिक्कमामि

अति चार किया तेहनों हे क्षमावंत श्रमण निवर्तूं छूं

निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ॥ इति ॥

निन्दूं छूं गरहूं छूं आतमाथी वोसराउ छूं

अथः आगमें तिविहे पन्नत्ते ।

आगमे तिविहे पन्नत्ते तंजहा सुत्तागमे

आगम तीन प्रकारे प्ररूप्यो ते कहै छै सूत्र आगम

अत्थागमे तदुभयागमे ॥ एहवा श्रीज्ञान मे

अर्थ आगम सूत्र अर्थ दोनूं आगम

विषे अतिचार दोष लाग्यो होय ते आलोउ—

जंवाइधं वच्चामेलियं हिनक्खरं अच्चक्खरं पयहीणं

जे कोई वचन मिलाया हीणअक्षर अधिक पद हीण

होय अक्षर

विणयहीणं जोगहिणं घोसहिणं सुट्ठुदिणं
विनय हीण ते मन वचन उच्चारण चोखो सूत्र
अविनय काया हीण दीनूं अवनीतने

दुट्ठुपडिच्छियं अकालेकाउ सिज्झाउ काले
खाटा सूत्रकी इच्छा विनाकाले सज्झाय करि सज्झा
करी यनां

न कउसिज्झाउ असिज्झाए सिज्झाए सिज्झाए
कालमें सज्झाय न असज्झाय में सज्झाय सज्झायमें
करी करी

न सिज्झाए भणतां गुणतां चितारतां चोखतां ज्ञानकी
सज्झाय न करो

ज्ञानवंत की आसातनां करी होवे तस्समिच्छामिदुक्कडं ।
तेहनो मिच्छामि दुकड

अथः दंसणश्रीसमकित ।

दंसणश्रीसमकित अरिहंतो महदेवो जावजीवं
शद्धश्रद्धना ते समकित, तेह अरिहन्त माहिरे, जाव जीव
दर्शन देव लग

सुसाहुणो गुरुणो जिणपन्नतं तत्तं इयसम्मत्तं
शुद्ध साधु गुरू जिन परूप्यो ते तत्व यह समिकत
धर्म

मए गहियं ।
मे ग्रहणकियो

एहवा समकितने विषे जे कोई अतिचार लाग्यो होय ते आलोउं, जिन बचन सांचा न सरध्या होय, न प्रतित्याहोय, न रुच्या होय, पर दर्शणारी आकांक्षा वंछा कीधी होय, फल प्रते संशय संदेह आण्यो होय, पर पाषण्डी की प्रशंसा करी हुवे साथ्वतो परिचय कीधो होय । एहवाश्री समकित रूपी रत्न उपरे मिथ्यात्व रूप रंज मेल खेह लागी होय तस्समिच्छामि दुक्कडं ।

अथ बारे व्रत ॥

पढमे	अणुव्वए	थूलाउ	पाणाइवायाउ
प्रथम	देशथी व्रत	मोटको	प्राणाति पात को

विरमणं, व्रत पांच बोले करी उलखीजे, द्रव्यथकी
निवर्तवो व्रत

त्रस जीव बेईन्द्री तेईन्द्री चौइन्द्री पंचेन्द्री विन अपराधे आकुटी हणवानी विधि करीनें सउपयोग हणू नहीं हणाउ नहीं मनसा वायसा कायसा ॥ द्रव्यथकी एहिज द्रव्य, क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रां मांहि कालथकी जावजीवलग, भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित गुणथकी संवर निर्जरा, एहवा म्हारे

पहला व्रतनें विषे जे कोई अतिचार दोष लागो होय ते आलोउं ।

जीवनें गाढे बन्धन बांध्या होय १ गाढा घाव घाल्या होय २ चामडी छेदन किया होय ३ अति भार घालया होय ४ भात पाणीनां विच्छोहा कीनां होय ५ तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

बीए अणुव्वए थूलाउ मूसावायाउ विरमणं
बीजो अणू व्रत स्थुलथी झूट बोलवो निवर्तवो

पांचें बोलें करी ओलखीजे द्रव्यथकी कनालिक १
कन्याके तांई झूठ

गोवालिक २ भोमालिक ३ थापण मोसो ४
गाय भैंसादि कारण झूठ / भूमि निमित लेकर झूठ नटवो

कूड़ीसाख ५
झूठी साखी

इत्यादिक मोटको झूठ मर्याद उपरांत बोलूं नहीं बोलाउं नहीं मनसा वायसा कायसा, द्रव्यथकी एही ज द्रव्य, क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रामें कालथकी जाव जीव लग, भावथकी राग द्वेष रहित, उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा, एहवा म्हारे दूजा व्रतमे विषे जे कोइ अतिचार दोष लागो होय ते आलोऊं ।

किणही प्रते कूड़ो आलदियो होय १

रहस्य छानी बात प्रगट करी होय २
स्त्री पुरुषनां मर्म प्रकाश्या होय ३
मृषा उपदेश दीधो होय ४
कूड़ो लेख लिख्यो होय ५ तस्स मिच्छामि दुक्कडं

तइये अणुव्वए थूलाउ अदिन्ना दाणाउ विरमणं
तीजो अणूव्रत स्थूलथकी अणदीयो लेवो ते चोरीको निवर्तवो

पांचे बोले करी ओलखीजे द्रव्यथकी खात खणी गांठखोली तालो पडकूंचीकरी वाटपाड़ी पड़ीवस्तु मोटकी सधणियां सहित जाणी इत्यादिक मोटकी चोरी मर्याद उपरांत करूं नहीं कराउं नहीं मनसा वायसा कायसा द्रव्यथकी एहिज द्रव्य, क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रां मे, कालथकी जाव जीवलगें, भावथकी राग द्वेष रहित, उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा एहवा म्हारे तीजाव्रतमे ज्यो कोई अतिचार लागो होय ते आलोउ।

चोरकी चुराई वस्तु लीधी होय १ चोरने सहाय दीधो होय २ राज विरुद्ध व्योपार कीधो होय ३ कूड़ा तोला कूड़ामापा कियाहोय ४ वस्तु मे भेल सभेल कीधा होय ५ सखरी दिखाय नखरी आपी होय तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

॥ इति ॥

चउत्थे अणुव्वए थूलाउ मेहुणाउ विरमणं

चौथो अणू व्रत स्थूलथकी मैथुनथकी निवर्तवो

पांचा बोलांकरी ओलखिजे द्रव्यथको तो देवता देवांगनां सम्बन्धिया मैथुन सेवूं नहीं सेवावूं नहीं तिर्यंच तिर्यंचणी सम्बन्धी मैथुन सेवूं नहीं सेवावूं नहीं मनुष्य सम्बन्धी मैथुन सेवूं नहीं सेवावूं नहीं, मनुष्यणी सम्बन्धी मैथुन सेवाकी मर्याद कीधी छै तिण उपरांत सेवूं नहीं सेवावूं नहीं मनसा वायसा कायसा, द्रव्यथकी एहिज द्रव्य क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रांमे कालथको जावजीव लगे, भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा एहवा म्हांरे चौथा व्रतमे ज्यो कोई अतिचार दोष लागो होय ते आलोउ।

थोड़ा कालकी राखी परिग्रही सुंगमन कीधो होय १ अपरिग्रही सूंगमन कीधो होय २ अनेक क्रिड़ा कीधी होय ३ पराया नाता बिवाह जोड़्या होय ४ काम भोग तिव्र अभिलाषामे सेव्या होय ५

तस्स मिच्छामि दुक्कडं ॥

इति।

पंचम अणुवए थूलाउ परिग्गहाउ विरमणं
पांचमूं अणूव्रत स्थूलथकी परिग्रह ते धनकी निवर्तवो
पांचां बोलां करी जलखीजै द्रव्य थकी खितु
उघाडी जमीन
वत्थु यथा प्रमाण हिरण सुवन्न यथा प्रमाण
ढकी जमीन जेह प्रमाण कीधो चादी सोनांको जे प्रमाण कीधो
धन धान यथा प्रमाण द्विपद चउप्पद यथा प्रमाण
द्रव्य धाननों जेह प्रमाण कीधो दासदासी हाथी घोड़ा, जे प्रमाण
द्विक चोपद कीधो
कुंभी धातु यथा प्रमाण।
त्रावो पीतल लोहादि नो जेह प्रमाण

द्रव्यथकी एहिज द्रव्य, खेतथकी सर्व खेत्रांमें कालथकी जावजीव लगे, भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा एहवा म्हांरा पांचवां अणुव्रतमें ज्यो कोई अतिचार लागो होय ते आलोउं, खित्तु वत्थु रो प्रमाण अतिक्रम्यू होय १ हिरण्य सुवर्णरो प्रमाण अतिक्रम्यू होय २ धन धानरो प्रमाण अतिक्रम्यु होय ३ द्विपद चउपदरो प्रमाण अतिक्रम्यु होय ४ कुम्भी धातुरो प्रमाण अतिक्रम्यु होय तस्समिच्छामि दुक्कडं।

इति।

छट्ठो दिशि व्रत पांचां बोलां ओलखीजै द्रव्य थकी तो उंची दिशारो यथा प्रमाण, नीची दिशारो यथा प्रमाण, तिरछी दिशारो यथा प्रमाण, यां दिशारो प्रमाण कीधो तेह उपरान्त जायकर पंच आस्रव द्वार सेऊं नहीं सेवाऊं नहीं मानसा वायसा कायसा द्रव्यथकी तो एहिज द्रव्य क्षेत्रथी सर्व क्षेत्रां में कालथकी जाव जीवलग भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा एहवा मांहरे छट्ठा व्रतके विषे जे कोई अतिचार दोषलागो हुवे ते आलोउं ।

उंची दिशारो प्रमाण अतिक्रम्यो होय १
नीची दिशारो प्रमाण अतिक्रम्यो होय २
तिरछी दिशारो प्रमाण अतिक्रम्यो होय ३
एक दिशा घटाई होय एक दिशा वधाई होय ४
पंथमे आयो संदेह सहित चाल्यो चलायो होय ५
तस्समिच्छामि दुक्कडं ।

इति ।

सातमूं उपभोग परिभोग व्रत पांचा बोलांकरी ओल-खीजै, द्रव्यथकी छव्वीस बोलांकी मर्याद ते वाहे छै

उल्लणीयां विहं १ दंतनविहं २ फल विहं ३
अंग पूछनादि विधि दांतन विधि फल विधि

अभिंगण विहं ४ उवट्टणविहं ५ मंजण विहं ६
तेलाभिंगादि उवटणादि की स्नानकी विधि
तेल मालिस विधि

वत्थ विहं ७ विलेवण विहं ८ पुप्फ विहं ९
वस्त्र विधि विलेपन विधि पुष्प विधि

आभरण विहं १० धूप विहं ११ पेज विहं १२
गहणा पहरवा विधि धूपकी विधि दूध आदि पीवाकी विधि

भक्खण विहं १३ उदन विहं १४ सूप विहं १५
सुखडी आदि भक्षण की विधि चावल की विधि दालकी विधि

विगय विहं १६ साग विहं १७ महुर विहं १८
विगयकी विधि सागकी विधि मधुर तथा वेलादि फल

जीमण विहं १९ पाणी विहं २० मुखवास विहं २१
जीमणकी विधि पाणीकी विधि मुखवास तांबूलादि की विधि

वाहण विहं २२ सयण विहं २३ पन्नी विहं २४
गाड़ी प्रमुखकी विधि सोवाकी विधि पाटा कुरसी आदिपर पगरखी की विधि

सचित्त विहं २५ द्रव्य विहं २६
सचित्त की विधि द्रव्यकी विधि

ए छवीस बोलांकी मर्याद करी, जिण उपरान्त भोगवूं नहीं मनसा वायसा, कायसा, द्रव्यथकी एहिज द्रव्य, क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रांमें, कालथकी जाव

जीवलग, भावथकी राग द्वेष रहित, उपयोग सहित गुणथकी संवर निर्जरा, एहवा मांहरा सातमां व्रत की विषै जे कोई अतिचार दोष लागो हुवे ते आलोऊं पच्चखाणां उपरान्त सचित्तरो आहार किनो होय १ पच्चखाणां उपरान्त द्रव्यरो आहार किनो होय २ पच्चखाणां उपरान्त गहिणां अधिका पहर्या होय ॥ ॥ ३ ॥ पच्चखाणां उपरान्त कपड़ा अधिका पहर्या होय ॥ ४ ॥

पच्चखाणां उपरान्त उपभोग परिभोग अधिका भोगवा होय। तस्समिच्छामि दुक्कडं।

पंदरह करमादान जाणवा जोग छै पण आदरवा जोग नहीं ते कहै छै।

इंगालकम्मे १ — अग्नि करि लूहारादि कर्म

वणकम्मे २ — वन कर्म ते वनमें घास, दरखतादि काटवो

साड़ीकम्मे ३ — सकट कर्म ते गाड़ीप्रमुखनो कर्म

भाड़ीकम्मे ४ — भाड़ा कर्म

फोड़ीकम्मे ५ — लूपादि कर्म ते नारेल सुपारी पत्थर आदि फोडवो

दन्तवाणिज्जे ६ — दांतको विणज ते व्योपार

लक्खवाणिज्जे ७ — लाख को वाणिज्य

रसवाणिज्जे ८ — रस व्यापार ते घी, तैल सहतादि

केसवाणिज्जे ९ — वाल चमरादि व्योपार

विषवाणिज्जे १०   जन्तु पिलणियां कम्मे ११
जहरको व्यापार   कल घाणी-प्रमुख व्यापार

निलच्छणियां कम्मे १२ दवगीदावणियां कम्मे १३
कसी वधियादि कर्म ते   दावानलदेवो कर्म
ज्यानवराने वाधी कर्म

सर द्रह तलाव सोसणियां कम्मे १४ असइजण
सरोवर द्रह तलाव सोषाया ते कर्म   असंजतीनें

पोसणियां कम्मे १५ ॥ इति ॥
पोषावा नों कर्म

ए पन्दरे कर्मादान मर्याद उपरान्त सेव्या सेवाया होय तस्स मिच्छामि दुक्कडं ॥   ॥ इति ॥

आठमूं अनर्थ दंड बिरमण ब्रत पांचा बोलांकरी ओलखीजे, द्रव्यथकी अवज्झाणाचरियं १
भूंडा ध्यान नों आचरवो

पम्माय चरियं २ हंसपयाणं ३ पावकम्मोवएसं ४
प्रमाद करवो   प्राण हिन्सा   पाप कर्मको उपदेश

ए च्यार प्रकारे अनरथ दंड आठ प्रकारका आगार उपरान्त सेउं नही ते कहै छै।

आएहिउवा १ नाएहिउवा २ आगारिहिउवा ३
आपणे हित   न्यातिके हित   घरके हित

परिवारहिउवा ४ मित्तहिउवा ५ नागहिउवा ६
परिवार के हित   मित्रके हित   नाग देवता निमित्त

भूतहिउवा ७ जक्खहिउवा ८
भूत देवता निमित्त — जक्ष देवता निमित्त

द्रव्यथकी एहिज द्रव्य क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रमें कालथकी जाव जीव लग, भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित, गुणथकी संवर निर्जरा, एहवा म्हांरा आठमां व्रत के विषै जे कोई अतिचार दोष लागोहुवे ते आलोउं।

कंदप्पेनी कथा कीधी होय १ भंडकुचेष्टा कीधीहोय२
काम क्रिड़ाकी कथा करवो — भांडनीपरै कुचेष्टाकरी होय

मुखमें अरि वचन बोल्या होय ३ अधिकरण
मुखसे खोटा वचन बोल्या होय — नाताजोड़कर

जोड़ मुकाया होय ४ उपभोग परिभोग
तुड़ाया तथा स्त्री भरतार नो विरह किया — एकवार भोग में आवै ते — वारम्वार भोग मे आवै ते

अधिका भोगव्या होय ५ तस्स मिच्छामि दुक्कडं
मर्याद उपरांत अधिक भोग्या होय ते — तो मिच्छामि दुकडं

इति ।

नवमो सामायक व्रत पांचां बोलांकरी ओलखोजै
करेमि भन्ते सामाईयं सावज्जं जोगं पच्चखामि
करूं मैं हे भगवंत सामायक सावद्य जोग पच्चखाण

नियम (मुहूर्त एक) पज्जवासामी दुविहेणं
यावत नियम एक मुहूर्त ते सेऊं छूं दोय करण
दोय घड़ी

तिविहेणं नकरेमि नकारवेमि मनसा वायसा
तीन जोग नहीं करूं नहीं कराऊं मनसे वचन से

कायसा तसभंते पडिक्कमामि निन्दामि गरिहामि
शरीरसे तिणसूं हे भगवान पड़िकमूं निन्दूं छूं ग्रहणा ते निषेदूं छूं

अप्पाणं वोसरामि ॥
पाप से आतमानेवोसराऊं छूं

द्रव्यथकी कनै राख्या ते द्रव्य क्षेत्रथकी सर्व क्षेत्रामे कालथकी एक मुहूर्त तांई भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित गुणथकी संवर निर्जरा एहवा नवमां व्रतके विषै जे कोई अतिचार दोष लागो हुवे ते आलोउं ।

मन बचन कायाका माठा जोग प्रवर्ताया होय १ पाड़वा ध्यान प्रवर्ताया होय २ सामायक मे समता नहीं करी होय ३ अण पूगी पारी होय ४ पारवो विसार्‍यो होय ५ तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

इति ।

दशमों देशाविगासी व्रत पांचा बोलांकरी ओलखीजै द्रव्यथकी दिन प्रते प्रभातथी प्रारंभीनें पुर्वादि छव दिशिरी मर्याद करी तिण उपरान्त आई पांच आस्रव द्वार रुन्धं नहीं सेवाउं नहीं तथा जेतली भोमिका आगार राख्या तिणसे द्रव्यादिकरी मर्याद

करी तिण उपरान्त सेउं नहीं सेवाउं नहीं मनसा वायसा कायसा द्रव्यथकी एहिज द्रव्य चौथकी सर्व चौदांसें कालथकी जेतलो काल राख्यो भाव थकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित गुणथकी संवर निर्जरा एहवा म्हारे दशमा व्रतके विषे जे कोई अतिचार दोष लगोते आलोउं

नवी भूमिका वारली वस्तु अणाई होवे १ मुक लाई होवे २ शब्दकरी आपो जणायो होय ३ रूप देखाड़ आपो जणायो होय ४ पुद्गल न्हाखी आपो जणायो होय तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

इती ।

इग्यारमूं पोषद व्रत पांचां बोलांकरी ओलखोजे द्रव्यथकी ।

असणं पाणं खादिम स्वादिमनां पच्चखाण
आहार पाणी मेवादिक पान सुपारीदिक को पचखाण

अबम्भनां पच्चखाण उमक्कमणी सुवन्ननां पच्चखाण
मैथुन सेवाका त्याग बोसरायो हुयो रत्न सोना का

माला वणग विलेवन नां पच्चखाण
। गुलाल रंगादि चंदनादिक नो विलेपनका त्याग

सत्थ मुसलादि सावज्ज जोगरा पच्चखाण
सस्त्र मूसलादिक सावद्य जोगका पचखाण

इत्यादि पच्चखाण, करने द्रव्यराख्या जिणा उपरान्त

पंच आस्रव द्वार सेउ नहीं सेवाऊं नहीं मनसा वायसा कायसा द्रव्यथी एहिज द्रव्य क्षेत्रथी सर्व क्षेत्रांमे कालथकी (दिवस) अहो रात्रि प्रमाण भाव थकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित गुणथकी संवर निर्जरा एहवा म्हांरे इग्यारमां व्रतके विषे जे कोई अतिचार दोष लागो होवे ते आलोउं ।

सिज्जा संथारो अपड़िलेहाहोय दुपड़िलेहा
सोवाकी जगा बिसतरो पड़िलेहा नहीं होय आच्छीतरह नहीं
होय १ अप्रमार्ज्या होय दुप्रमार्ज्या होय २
पड़लेहना नहीं प्रमार्ज्या आच्छीतरह नही प्रमार्ज्या
करी

उच्चारपासवणरी भूमिका अपड़ि लेही होय दुपड़ि
छोटी वडी नीतकी जमीन नहीं पड़िलेही होय अथवा
लेही होय ३ अप्रमार्जी होय दुप्रमार्जी होय ४
पोषहमे निन्दा विकथा कषाय प्रमादकरी होय ५
तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

इति ।

बारमूं अतिथि संविभाग व्रत पांचां बोलांकरी ओलखीजे द्रव्यथकी ।

समणे निगंथे फासू एसणीज्जेणं असणं १
श्रमण निग्रन्थ ने फासुक निर्दोष आहार
अचित

पाणं २ खादिमं ३ स्वादिमं ४ वत्थ ५ पड़िग्गह ६
पाणी मेवो लोंग सूपारी आदि वस्त्र पात्रो

कंबलं ७ पाय पुच्छणं ८ पाड़ियारा ९ पीठ
कांवलो पग पूंछणों जाचीनें पाछा पाट
भोलाय ते

फलग १० सेज्या ११ संथारो १२ औषद १३
बाजोटादि जमीन जायगां तृणादिक १ दवाई

भेषद १४ पड़िलाभमाणे विहरामि ॥
चूर्णादि प्रतिलाभ तो थको विचरूं
घणीं मिली

सूत्यादिक चवदे प्रकारनूं दान शुद्ध साधुनें देउं देवाउं देवतां प्रतेभलो जाणूं मनसा वायसा कायसा द्रव्यथकी एहिज कलपतो द्रव्य, खेत्रथकी कलपे तके खेत्रमें, कालथकी कलपे जिन कालमें, भावथकी राग द्वेष रहित उपयोग सहित, गुण थकी संवर निर्जरा, एहवा म्हारा बारमां व्रत के विषे जे कोई अतिचार दोष लागो होवे ते आलोउं सूजती वस्तु सचित पर मेली होय १ सचित्तथी ढांकी होय २ काल अतिक्रम्यो होय ३ आपणी वस्तु पारकी पारकी वस्तु आपणी कीधी होय ४ भाणें बैठ साधु साध्वीयांकी भावनां नही भावी होय तो मिच्छामि दुक्कडं ।

इति ।

अथ संलेखणा की पाटी ।

इह लोगा संसह पउगो १ परलोगासंसह
इह लोकको जशकी तथा पर लोकमें सुखकी
द्रव्यादिक की इच्छा

पउगो २ जीविया संसह पउगो ३ मर्णाउ संसह
वाछा जीवत की इच्छा मरण की

पउगो ४ काम भोगा संसहपउगो ५ मामु
इच्छा काम भोगकी इच्छा ए मुजनें

ज्हुज्ज मरणान्तै ।
मर्णान्त तक मत होज्यो । ॥ इति ॥

अथ अठारे पाप ।

प्राणातिपात १ मृषावाद २ अदत्ता दान ३ मैथुन ४ परिग्रह ५ क्रोध ६ मान ७ माया ८ लोभ ९ राग १० द्वेष ११ कलह १२ अभ्याख्यान १३ पैशुन्य १४ पर परि वाद १५ रति अरति १६ माया मोसो १७ मिथ्या दर्शन सल्य । इति ।

तस्स सव्वस देवसी यस्स आयारस्स दुचिन्तियं दुभासियं
ते सर्व दिवसमें अतिचार खोटी चिन्तवनां खोटी भाषा

दूचिट्ठीयं आलो यंते पड़िक्कमामि निंदामि
खोटी चेष्टा कायाकी आलोउ तेह पडिक्कमेंउ निन्दू

गरिहामि अप्पाणं वोसरामि ॥
ग्रहणा करू पाप कर्मथी आतमां नें वोसराउ

॥ इति ॥

अथ तस्सधम्मस ।

तस्स धम्मस केवली पन्नत्तस्स अब्भुट्ठिएमि
तेह धर्म केवली परूप्यो तेहने विषै उट्यो छूं
आराहणाए विरउमि विराहणाए सव्वेतिविहेणं
आराधन निमित्त निवर्तूं छूं वीराधनाथी अतिचार सर्वे
त्रिविध करी
पडिक्कंतो, वंदामि जिन चौवीसं ॥
पडिकमूं वांदूं छूं जिन चौवीस ।
छूं राज

इति ।

अथ मंगलिक ।

चत्तारि मंगलं अरिहन्ता मंगलं सिद्धा मंगलं
च्यार मंगलिक अरिहन्त मंगल छै सिद्ध मगलकारि छै
साहु मंगलं केवली पन्नत्तो धम्मो मंगलं ॥
साधु मंगळ केवली प्ररूप्यो धर्म ते मंगल
चत्तारिलोगुत्तमा अरिहन्ता लोगुत्तमा
ए च्यार लोकमें उत्तम अरिहन्त लोकमें उत्तम
जाणवा
सिद्धा लोगुत्तमा साहुलोगुत्तमा केवलि
सिद्ध लोकमें उत्तम साधु लोकमे उत्तम केवली
पन्नत्तो धम्मो लोगुत्तमा चत्तारि सरणं
प्ररूप्यो धर्म ते लोक मे उत्तम च्यार शरणा

पवज्जामि अरिहन्ता सरणं पवज्जामि सिद्धा
ग्रहणकरूं अरिहन्तों का शरणा ग्रहण करताहू सिद्धाका
सरणं पवज्जामि साहु सरणं पवज्जामि केवलि
शरणा लेता हूं साधुका शरण है केवली
पन्नत्तो धम्मो सरणं पवज्जामि। च्यारों सरणा
प्ररूपित धर्मका शरण ग्रहण करता हू
एसगा अवर न सगो कोय जे भव प्राणी आदरे
अक्षय अमर पद होय ।

इति ।

अथ देवसी प्रायश्चित ।

देवसो प्रायश्चित विसोद्धनार्थं करेमि काउसग्गं
दिवसनों प्रायश्चित शुद्ध करवाने अर्थे करूं छूं काउस्सग

॥ इति प्रतिक्रमणं ॥

अथ पडिक्कमणां करने की बिधि ।

प्रथम चौवीस्थो करणो जिणामे

१ इच्छामि पडिक्कमेउ की पाटी । २ तस्सुत्तरीकी पाटी । ध्यानमें इच्छामि पडिक्कमेउ की पाटी मनमें चितारकर एक नवकार गुणनों । ३ लोगस्सउज्जोगरे की पाटी । ४ नमोत्थुणं की पाटी ।

१ प्रथम आवसग्ग सामायक में ।

१ आवस्सई इच्छामिणं भंते ।

२ नवकार एक ।

३ करेमि भंते सामाईयं ।

४ इच्छामिठामि काउसग्गं ।

५ तस्सुत्तरी की पाटो ।

ध्यानमें ९९ नन्नाणवे अतिचार ।

आगमे तिविहे पन्नंते की पाटी तिणमें ज्ञानका चवदे अतिचार ।

दंसण श्रीसमत्ते की पाटी तिणमें समकितका ५ अतिचार ।

बारे ब्रतांका अतिचार ६० साठ तथा १५ पंदरह कर्मदान ।

इह लोग संसह पउगोकी पाटी अतिचार ५ सलेखणांका ।

अठारे पाप स्थानक कहणा ।

इच्छामि ठामि आलोउं जो में देवसी आयारकाउ ए पाटी कहणी ।

एक नवकार कहे पारलेणो ।

॥ इति प्रथम आवसग्ग समाप्त ॥

दूसरा आवस्सगकी आज्ञा ।

लोगस्सकी पाठी ।

॥ इति दूजो आवस्सग समाप्त ॥

तीजा आवस्सगकी आज्ञा ।

दोय खमा समणां कहणा ।

॥ तीजो आवस्सग समाप्त ॥

चौथा आवस्सगकी आज्ञा ।

उभाथकां ध्यानमें कह्या सो प्रगट कहणा ॥

८ आठ पाटी बैठाथकां कहणी जिणांकी बिगत ।

१ तस्स सव्वस्सकी पाटी ।

२ एक नवकार ।

३ करेमि भंते सामाईयं की पाटी ।

४ चत्तारि मंगलंकी पाटी ।

५ इच्छामि ठामि पड़िक्कमेउ जो मैं देवसी ।

६ इच्छामि पड़िक्कमेउ की पाटी ।

७ आगमें तिविहे की पाटी ।

८ दंसण श्री समकीत्त की पाटी ।

ए आठ पाटी कही, बारे ब्रत अतिचार सहित कहणा ।

पांच सलेखणा का अतिचार कहणा ।

अठारे पाप स्थानक कहणा ।

इच्छामि ठामि पड़िक्कमेउ जो मैं देवसीकी पाटी कहणी तस्स धम्मस केवली पन्नतस्सकी पाटी, दोय खमासमणां कहणां ।

पांच पदांकी वंदना कहणी ।

सातलाख पृथ्वीकाय सातलाख अप्पकाय इत्यादि खमत खामणांकी पाटी ।

॥ चौथो आवस्सग समाप्त ॥

पंचमा आवसग्गकी आज्ञालई कहै ।

१ देवसी प्रायश्चित् बिसोइनार्थं करेमिकाउसग्गं ।

२ एक नवकार ।

३ करेमिभंते सामाईयं की पाटी ।

४ इच्छामि ठामि काउसग्गं की पाटी ।

५ तस्सुतरीकी पाटी ।

ध्यानमें लोगस्स कहणांकी परमपराय रीतीसे ।

प्रभाते तथा सांझ वक्त ४ च्यार लोगस्सको ध्यान ।

पखीनें १२ बारे लोगस्स को ध्यान ।

चौमासी पखी नें २० बीस लोगस्सको ध्यान समत्सरीने ४० चालीस लोगस्सको ध्यान ।

ध्यान पारी लोगस्सकी एक पाटी प्रगट कहणी ।

२ दोय खमासमणां कहणा ।

॥ इति पचमूं आवस्सग समाप्त ॥

छठा आवसग्गकी आज्ञालेई कहणा तेहनी विगत ।

गयेकालनूं पड़िक्कमणों वर्तमान कालमें समता

आगमें कालका पच्चखाण यथा शक्ति करणां ।

समाई १ चौवीसत्थो २ वंदना ३ पड़िक्कमणो ४ काउसग्ग ५ पच्चखाण ६ यां छऊं आवसग्गां में ऊंची नीची हिणो अधिको पाटो कह्यो होय तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

दोय नमोत्थुणं कहणां जिणमें पहिला में तो सिद्धिगई नाम धेयं ठाणं संपताणं नमो जिणाणं दूजा नमोत्थुणं में सिद्धिगई नाम धेयं ठाणं संपवेकामो नमो जिणाणं ।

अथगतागतका थोकड़ा।

जीवका ५६३ भेदकी विगत।

१४ सात नारकी का पर्याप्ता अपर्याप्ता।

४८ तिर्यंचका।

४ सूक्षम वादर पृथ्वीकायका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

४ सूक्षम वादर अप्पकायका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

४ सूक्षम वादर वाउकायका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

४ सूक्षम वादर तेउ कायका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

६ सूक्षम (वादर) प्रत्येक साधारण वनस्पति कायका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

६ तीन विकलेन्द्री का पर्याप्ता अपर्याप्ता।

२० जलचर थलचर उरपर भुजपर खेचर ए पाँच प्रकार का तिर्यंच सन्नी असन्नी का पर्याप्ता अपर्याप्ता

३०३ मनुष्यका—

२०२ सन्नी मनुष्य, १५ कर्म भूमि, ३० अकर्म भूमि, ५६ अन्तर द्वीप ए १०१ का पर्याप्ता अपर्याप्ता।

१०१ असन्नी मनुष्य ते सन्नी मनुष्यका मल मूत्रादि चवदे स्थानक में उपजै ते अपर्याप्ता, अपर्याप्ता अवस्थामें मरै

१९८ देवताका—

भुवनपति १७, परमाधा मी १५, वानव्यंतर १६, त्रिभूमका १०, जोतषी १०, कल्विषिक ३, लोकान्तिक ६, देवलोक १२, ग्रैवेयक ६, अनुत्तर विमान ५, एह ६६ जातिका पर्याप्ता अपर्याप्ता।

॥ इति ॥

भरतक्षेत्रमें ५१ पावे—

तिर्यंचका ४८ मनुष्य ३।

जम्बूद्वीप में ७५ पावे—

२७ भरतक्षेत्र १ एरभरत १, देवकुरु १, उत्तरकुरु १, हरिवास १, रम्यकवास १, हेमवय १, अरुणवय १, माहविदेह १, यह नव क्षेत्र का सन्नी मनुष्य पर्याप्ता अपर्याप्ता १८, तथा असन्नी मनुष्य ६

४८ तिर्यंचका

लवण समुद्रमें पावे २१६—

अंतरद्वीप ५६ का तो १६८, तथा ४८ तिर्यंचका

धातकी खंड में पावे १०२—

५४ मनुष्य का अठारह क्षेत्रों का त्रिगुण, ४८ तिर्यंचका

कालोदधि में पावे ४६—

तिर्यंचका ४८ में से बादर तेउका २ टल्या

अर्ध पुष्कर वर द्वीप में पावे १०२—

धातकी खंडवत् जाणवो।

ऊंचा लोक में पावे १२२—

७६ देवताका।

४६ तिर्यंचका।

नीचालोक में पावे ११५—

भवनपति २०, पर्माधामी ३०, नारकी १४, तिर्यंचका ४८, मनुष्यका ३ सर्व ११५।

तिर्छा लोक में पावे ४२३—

३०३ मनुष्यका ।

४८ तिर्यंच का ।

३२ वानव्यन्तर का ।

२० त्रिझूमका ।

२० जोतिष्यां का ।

१	पहिली नारकी में	आगति २५	१५ कर्म भूमि मनुष्य, तिर्यंच पंचेन्द्री ५ सन्नी ५ असन्नी पर्याप्ता
		गति ४०	१५ कर्म भूमि मनुष्य, तिर्यंच पंचेन्द्री ५ सन्नीका पर्याप्ता अपर्याप्ता ४०
२	दूजी नारकी में	आगति २०	१५ कर्म भूमि मनुष्य, ५ सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता
		गति ४०	उपरवत्
३	तीजी नारकी में	आगति १९	१५ कर्म भूमि मनुष्य, ४ सन्नी तिर्यंचका पर्याप्ता भुज पर टल्यो
		गति ४०	उपरवत्
४	चौथी नारकीमें	आगति १८	१५ कर्म भूमि मनुष्य, ३ सन्नी तिर्यंच पर्याप्ता (भुजपर १ खेचर २ टल्यो)
		गति ४०	उपरवत्
५	पांचवी नारकी में	आगति १७	१५ कर्म भूमि मनुष्य, १ जलचर, १ उरपुर का पर्याप्ता
		गति ४०	उपरवत्
६	छट्ठी नारकी में	आगति १६	१५ कर्म भूमि १ जलचर सन्नी का पर्याप्तो
		गति ४०	उपरवत्

७	सातमी नारकी मे	आगति १६	१५ कर्म भूमि, १ जलचर सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता स्त्री विना
		गति १०	५ सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता अपर्याप्ता १०
८	१० भवनपति १५ पर्मा धामी १६ वानव्यंतर १० त्रिभूमका ए ५१ जातिकामें	आगति १११	१०१ सन्नी मनुष्य, ५ सन्नी, ५ असन्नी तिर्यंच कां पर्याप्ता १११
		गति ४६	१५ कर्म भूमि, मनुष्य, ५ सन्नी तिर्यंच १ पृथ्वी १ अप्प, १ वनस्पति का पर्याप्ता अपर्याप्ता सूक्षम साधारण विना
६	जोतषी पहिला देवलोक में	आगति ५०	१५ कर्म भूमि, ३० अकर्म भूमि ५ सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता
		गति ४६	उपरवत्
१०	दूजा देवलोक में	आगति ४०	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच, अकर्म भूमि, का पर्याप्ता २० (५ हेमवय, अरुणवय, टल्या)
		गति ४६	उपरवत्
११	पहिला कल्विपिक में	आगति ३०	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच, ५ देवकुरु ५ उत्तरकुरु का पर्याप्ता
		गति ४६	उपरवत्
१२	दूजा तीजा कल्विषिक तीजा से आठवां तांई का देवता में	आगति २०	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच पर्याप्ता
		गति ४०	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच पर्याप्ता अपर्याप्ता

१३	नवमांसे सर्वार्थ सिद्धिताईं	आगति १५	१५ कर्म भूमि, मनुष्य का पर्याप्ता
		गति ३०	१५ कर्म भूमि, का पर्याप्ता अपर्याप्ता
१४	पृथ्वी पाणी वनस्पति में	आगति २४३	१०१ असन्नी मनुष्य, ४८ तिर्यंच, १५ कर्म भूमि, का, पर्याप्ता अपर्याप्ता ३० एवं १७९ लड़ी का और ६४ जाति का देवता एव सर्व २४३ थया
		गति १७९	लड़ीका
१५	तेऊ वाउ काय में	आगति १७९	लड़ीका
		गति ४८	तिर्यंचका
१६	तीन विकलेन्द्री में	आगति १७९	लड़ीका
		गति १७९	लड़ीका
१७	असन्नी तिर्यंच पचेन्द्री में	आगति १७९	लड़ीका
		गति ३९५	१७९ तो लड़ीका, ५६ अन्तरद्वीप ५१ जातिका देवता, १ पहली नारकी १०८ का पर्याप्ता अपर्याप्ता २१६ सर्वमिली ३९५
१८	सन्नी तिर्यंच में	आगति २६७	१७९ तो लड़ीका, ८१ देवता ७ नारकी पर्याप्ता (नवमांसे सर्वार्थसिद्ध ताईं टल्या)
		गति ५२७	(नवमासे सर्वार्थ सिद्धताईका टल्या

१६	असन्नी मनुष्य में	आगति १७१	लड़ीका में से तेउ वाउका ८ टल्या
		गति १७६	लड़ीका
२०	सन्नी मनुष्य में	आगति २७६	१७१ तो लड़ीका में से , ६६ देवता ६ नारकी
		गति ५६३	सर्व
२१	देवकुरु उत्तर कुरु का युगलिया में	आगति २०	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच
		गति १२८	१० भवनपति, १५ पर्माधामी, १६ वाणव्यंतर, १० तिर्भूमका, १० जोतषी, २ पहिलो दूजोदेवलोक, १ पहलो कल्विषिक एवं ६४ का पर्याप्ता अपर्याप्ता
२२	हरीवास रम्यकवास का युगलियां मे	आगति २०	उपरवत्
		गति १२६	६४ जातिका देवतां में से १ पहिलो कल्विषिक टल्यो
२३	हेमवय अरुणवय का युगलियां मे	आगति २०	उपरवत्
		गति १२४	६४ जातिका देवां में कल्विषिक १ और दूजो देवलोक टल्यों
२४	५६ अन्तरद्वीप युगलिया में	आगति २५	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी, ५ असन्नी, तिर्यंच
		गति १०२	५१ जातिका देवांका पर्याप्ता अपर्याप्ता

२५	केवल्यामें	आगति १०८	८१ देवता (पर्मा घर्म १५, कल्विषिक ३ टल्या) १५ कर्म भूमि, ४पहली से चोथीनर्क, ५ सन्नी तिर्यंच १ पृथ्वी १ अप्प वनस्पति
		गति ०	मोक्षकी
२६	तीर्थंकरा में	आगति ३८	३५ देवता वैमानिक, ३ नरक पहली से
		गति ०	मोक्ष
२७	चक्रवर्त में	आगति ८२	८१ जातिका देवता उपरवत्, १ पहली नरक
		गति १४	७ सात नारकी में जाय पदवी में मरेतो
२८	वासुदेव में	आगति ३२	१२ देवलोक, ६ नवग्रैवेयक, ६ लोकान्तिक तथा २ नारकी पहली दूजो
		गति १४	७ नारकी में जाय
२९	वलदेव में	आगति ८३	८१ जातिका देवता उपरवत्२, नारकी पहली दूजो
		गति ०	पदवी अमर छै
३०	सम्यक दृष्टिमें	आगति ३६३	१७१ लड़ीका (तेउ वाउका टल्या) ६६ देवता, ८६ युगलिया, ७ नारकी
		गति २५८	६६ देवता, १५ कर्म भूमि, ६ नारकी ५ सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता अपर्याप्ता, ५ असन्नी, ३ विकलेन्द्री का अपर्याप्ता एवं २५८

३१	मित्थ्या द्रष्टिमें	आगति ३७१	१७१ लड़ीका, ६६ देवता, ८६ युगलिया, नारकी ७ एवं
		गति ५५३	५ अनुत्तर का पर्याप्ता अपर्याप्ता टल्या
३२	समभित्थया द्रष्टिमे	आगति २६३	समद्रष्टि जिम
		गति ०	तिजे गुणठाणें मरे नही
३३	साधु मे	आगति २७५	१७१ लड़ीका, ६६ देवता, ५ नारकी
		गति ७०	१२ देवलोक, ६ लोकान्तिक, ६ ग्रैवेयक ५ अनुत्तरका पर्याप्ता अपर्याप्ता
३४	श्रावक में	आगति २७६	१७१ लड़ीका ६६ देवता, ६ नारकी एवं
		गति ४२	१२ देवलोक, ६ लोकान्तिक, पर्याप्ता अपर्याप्ता
३५	पुरुष वेद में	आगति ३७१	मित्थ्याती जिमजाणवो
		गति ५६३	सर्व
३६	स्त्री वेद में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६१	सातमो नरक मे नही जाय
३७	नपुंसक वेदमें	आगति २८५	६६ देवता, १७६ लड़ीका, ७ नारकी
		गति ५६३	सर्व

इति पहिली गतागत सम्पूर्णम् ।

१	शुक्लपक्षी	आगति ३७१	१७९ तो लड़ोका, ९९ देवता, ८६ युगलिया ७ नारकी
		गति ५६३	सर्व
२	कृष्ण पक्षी में	आगति ३६६	३७१ में ५ अनुत्तर टल्या
		गति ५५३	५ अनुत्तरका पर्याता अपर्याता टल्या
३	अचर्म में	आगति ३६६	उपरवत्
		गति ५५३	उपरवत्
४	चर्म में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६३	सर्व
५	बाल वीर्य में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५५३	५ अनुत्तरका १० टल्या
६	पण्डितवीर्य में	आगति २७५	१७१ लड़ोका में से, ९९ देवताका, ५ नारकी पहली से
		गति ७०	१२ देवलोक, लोकान्तिक, ९ नवग्रेवेयक ५ अनुत्तर वैमानका पर्याता अपर्याता

७	बाल पंडित वीर्य में	आगति २७६	१७१ तो लडीका में से, ६६ देवत, नारकी ६ पहिली से
		गति ४२	१२ देवलोक, ६, लोकान्तिक का पर्याप्ता अपर्याप्ता
८	मति श्रुति ज्ञान में	आगति ३६३	१७१ तो लडीका में से, ६६ देवता ८६ युगलिया, ७ नारकी एवं ३६३
		गति २५८	६६ देवता, १५, कर्म भूमि ५ सन्नी तिर्यंच ६ नारकी, एह १२५ का पर्याप्ता अपर्याप्ता २५० और ५ असन्नी तिर्यंच ३ विकलेन्द्री का अपर्याप्ता ८ सर्व २५८
९	अवधि ज्ञान में	आगति ३६३	उपरवत्
		गति २५०	६६ देवता का, १५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच, ६ नारकी एह १२५ का पर्याप्ता अपर्याप्ता
१०	मतिश्रुति अज्ञान में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५५३	५ अनुत्तरका पर्याप्ता अपर्याप्ता टल्या
११	विभग अज्ञाने में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति २४२	६४ देवता (अनुत्तर टल्या) १५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच, ७ नारकी पर्याप्ता अपर्याप्ता
१२	चक्षु दर्शन में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६	सर्व

१३	निकेवल अचक्षु दर्शन में	आगति २४३	१७९ लड़ीका, ६४ जातिका देवता का पर्याप्ता
		गति १७९	लड़ीका
१४	समुचै अचक्षु दर्शन में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६३	सर्व
१५	अवधि दर्शन में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति २५२	९९ देवता, १४ कर्म भूमि ५ सन्नी तिर्यंच ७ नारकी एह १२६ का पर्याप्ता अपर्याप्ता
१६	सूक्षम एकेन्द्री में	आगति १७९	लड़ीका
		गति १७९	लड़ीका
१७	बादर एकेन्द्री में	आगति २४३	१७९ लड़ीका ६४ देवता
		गति १७९	लड़ीका
१८	सयोगी अणाहारिक	आगति ६७१	उपरवत्
		गति ०	

१९	तेजस कारमाण में	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६३	सर्व
२०	वेक्रे शरीर मूलका में	आगति १११	१०१ सन्नी मनुष्य, ५ सन्नी ५ असन्नी
		गति ४६	१५, कर्मभूमि, ५ सन्नी पृथ्वी १ पाणी २ वनस्पति ३ ए २३ का पर्याप्ता अपर्याप्ता सूक्ष्म साधारण विना
२१	समुचैवेक्रे शरीर मैं	आगति ३७१	उपरवत्
		गति ५६३	सर्व
२२	औदारिक शरीर में	आगति २८५	१७९ लड़ीका, ९९ देवता, ७ नारकी
		गति ५६३	सर्व
२३	कृष्ण लेश्याको कृष्ण लेश्यामें जावै तो	आगति ३१९	१७९ लड़ीका, ५१ जातिका देवता ८६ युगलिया ३ नारकी पांचवी छटी सातवी
		गति ४५९	५१ जातिका देवता ८६ युगलिया ३ नारकी, इनका पर्याप्ता अपर्याप्ता २८०, लडीका १७९ सर्व ४५९
२४	नील लेश्या को नीलमें जावे सो	आगति ३१९	१७९ लड़ीका, ५१ देवता, ८६ युगलिया ३ नारकी तीजी चौथी पाचमी
		गति ४५९	उपरवत् (नारकी तीजी चौथी पांचमी)

२५	कापोत लेश्याको कापोतमें जावेतो	आगति ३१६	उपरवत् पण नारकी पहली दूजी तीजी जाणो
		गति ४५६	उपरवत् (नारकी पहलीसे तीजी)
२६	तेज् लेश्या को तेजू मे जावे तो	आगति १६०	६४ जातिका देवता ८६ युगलिया का पर्याता ओर १५ कर्म भूमि ५ सन्नी तिर्यंचका पर्याता अपर्याप्ता
		गति ३४३	१०१ सन्नी मनुष्य ५ सन्नी तिर्यंच ६४ जाति देवता, का पर्याप्ता अपर्याप्ता पृथ्वी अप्प वनस्पति का अपर्याप्ता
२७	पद्मको पद्म लेश्या में जावे तो	आगति ५३	१५ कर्म भूमि मनुष्य ५ सन्नी तिर्यंच का पर्याप्ता अपर्याप्ता ६ नवग्रैवेयक १ दूजो कल्विषिक, ३ देवलोक (पहिलासे) का पर्याप्ता
		गति ६६	१५ कर्म भूमि ५ सन्नी तिर्यंच, ६ लोकान्तिक ४ देवलोक (तीजै से) का पर्याप्ता अपर्याप्ता
२८	शुक्ल लेश्याको शुक्लमें जावे तो	आगति ६२	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंचका पर्याप्ता अपर्याप्ता ४० ओर २१ देवलोक (छठासे सर्वार्थ सिद्धताई: १ कल्विषिक का पर्याप्ता
		गति ८४	१५ कर्म भूमि, ५ सन्नी तिर्यंच २१ देवलोक उपरवत् १ तीजी कल्विषिक का, पर्याप्ता अपर्याप्ता

इति दूजो गतागत को थोकड़ो

पूज्यजी महाराज श्रीश्री १००८ श्री भीक्षणजीकृत।

अथ जिन आज्ञा को चौढालियो

दुहा ॥ केइ पाषण्डी जैनरा । साधुनाम धराय ॥ ते पाप कहै जिनआज्ञा मझे । कुड़ा कुहेत लगाय ॥ १॥ आहार पाणी साधु भोगवे । ते श्रीजिन आज्ञा सहित ॥ तिणमें प्रमादने अब्रत कहै । त्यांरी श्रद्धा घणी बिपरीत ॥ २ ॥ वले वस्त्र पात्र कामलो । इत्यादिक उपधि अनेक ॥ ते जिन आज्ञा स्युं भोगवे । तिणमें पापकहै ते बिना विवेक ॥ ३ ॥ त्यां श्रीजिनधर्म नहीं ओलख्यो । जिन आज्ञा पिण ओलखी नांह ॥ तिणस्युं अनेक बोलां तणो पाप कहै । जिन आज्ञा रे मांह ॥ ४ ॥ कहै नदी उतरे तिण साधुने । आज्ञादे जिन आप ॥ आ प्रत्यक्ष हिन्सा देखल्यो । आज्ञाछे तोपिण पाप ॥ ५ ॥ इत्यादिक अनेक बोलां मझे । आज्ञा दे जिनराय ॥ जठे हिंसा हावेछे जीवरी । तठे पाप लागेछे आय ॥ ६ ॥ इम-कही ने जिन आज्ञा मझे। थापे पाप एकांत ॥ हिवे ओल-खिजिन आगन्यां । ते सुणज्यो मतिवंत ॥ ७ ॥

ॐ ढाल पहली ॐ

(भवियण सेवोरे साध सयाणा एदेशी ।)

जे जे कारज जिन आज्ञा सहितछे । ते उपयोग सहित करि कोय ॥ ते कारज करतां घात होवे जिवांरी । तिणरो साधुने पाप न होयरे ॥ भवियणजिनआगन्यांसुखकारी ॥ १ ॥ जीवां तणी घात हुइ साधुथी । त्यांरो साधुने पाप न लागे ॥ जिन आगन्यां पिण लोपी न कहिजे । वले साधु रो व्रत न भागेरे ॥ २ ॥ आ इचरज वाली वात उघाड़ी । काचांरे हिये कीम समावे ॥ ज्यां जिन आज्ञा ओलखी नही पूरी । ते जिन आज्ञा में पाप बतावेरे ॥ ३ ॥ नदी उतरे जव शुद्ध साधुने । आज्ञा दे श्रीजिन आप ॥ जो उ नदी उतरतां पाप होवेतो । आज्ञा दे त्यांने पिण पापरे ॥ ४ ॥ छद्मस्थ साधु नदी उतरे जव । त्याने केवली आज्ञा दे सोय ॥ पोते पिण केवली नदी उतरे छे । पाप हुसी तो दोयां ने होयरे ॥ ५ ॥ जे नदी उतरे छे केवलज्ञानी । त्यांने पाप न लागे लिगार ॥ तो छद्मस्थने पाप किण विध लागे । आ दोयांरो एक आचाररे ॥ ६ ॥ छद्मस्थने केवली नदी उतरे जव । दोयांसु होवे जीवांरी घात ॥ जो जीव मुआ त्यांरो पाप लागे तो । दोयां ने लागे

प्राणातिपातरे ॥ ७ ॥ केवलज्ञानी नदी उतरे त्यानें पाप न लागे कोय । तो छद्मस्थ साधु नदी उतरे जब । त्यांने पिण पाप न होयरे ॥ ८ ॥ कोई कहै केवली ने तो पाप न लागे । नदी उतरतां जोग रहै शुद्ध ॥ पिण छद्मस्थ ने पाप लागे नदीरो । आ प्रत्यक्ष वात विरुद्धरे ॥ ६ ॥ जिण विध केवली नदी उतरे जिम । छद्मस्थ जो उतरे नांही ॥ तो खामी छै तिणरे इर्या सुमति में । पिण खामी नहीं कर्तव्य मांहिरे ॥ १० ॥ ते खामि पड़े ते अजाण पणो छै । इरिया वहि पड़िक्कमणो थाप । वले अधिको खामि जाणे इर्या समिति में । तो प्राश्चित लें उतारे पापरे ॥११॥ साधु छद्मस्थ नदी उतरे ते कर्तव्य । सावज म जाणो कोय ॥ जो सावज होवे तो संजम भांगे । विराधक री पांत होयरे ॥ १२ ॥ आगे नदी उतरतां अनन्त साधाने उपनो छै केवल ज्ञान ॥ त्यां नदी मांहि आउषो पूरो-करीने । पहोंता पंचमी गति प्रधानरे ॥ १३ ॥ केइ कहै साधु नदी उतरे त्यांरे । इतरी हिन्सारो छै आगार ॥ तिणरो पाप लागे पिण व्रत न भांगे । इम कहै ते मूढ़ गिवाररे ॥ १४ ॥ जो साधुरे हिंसारो आगार होवे तो । नदी उतरतां मोक्ष न जावे ॥ हिंसा रो आगारने पाप लागे जब । चवदमों गुणठाणों न

थावेरे ॥ १५ ॥ कोई कहे नदी उतरे जब साधुने । लागे असंख्य हिन्सा परिहार ॥ तिणरो प्रायश्चित लियां विन शुद्ध नहीं छे । इम कहे तिणरे हिय छे अंधाररे ॥ १६ ॥ जो नदी उतस्यांरो प्रायश्चित विन लीधां । ते साधु शुद्ध नहीं थावे ॥ तो नदी मांहि साधु मरे ते अशुद्ध छे । ते मोक्ष मांहि क्युंकर जावेरे ॥ १७ ॥ साधु नदी उतस्यां मांहे दोष हुवे तो । जिन आगन्यां दे नाही ॥ जिन आगन्यां दे तिहां पाप नही छे । थे सोच देखो मन मांहिरे ॥ १८ ॥ नदी उतरे त्यारो ध्यान किसो छे किसी लेश्या किसा परिणाम ॥ जोग किसा अध्यवसाय किसा छे । भला भुंडा पिछाणों तामरे ॥ १९ ॥ ए पांचुं भला छै तो जिन आज्ञा छे ॥ माठा मे जिन आज्ञा न कोय ॥ पांचुं माठास्यूं तो पाप लागे छे । पांचुं भलास्यूं पाप न होयरे ॥ २० ॥ छद्मस्थ ने केवली नदी उतरे जब । लारे छद्मस्थ केवली आगे ॥ छद्मस्थ उतरे छे केवली री आज्ञा स्युं । त्यांने पाप किसे लेखे लागेरे ॥ २१ ॥ जिन शासण च्यार तीर्थ माहिं । जिन आगन्यां छे मोटी ॥ कोई जिन आगन्यां माहिं पाप वतावे । तिणरी श्रद्धा छे खोटीरे ॥ २२ ॥ दवरो दाधो जाय पड़े जल मांहि । पिण जल मांहि लागी लाय ॥ तो किसी

ठोड़ वो करै ठंडाइ। किसो ठोड़ साता होवे तायरे ॥ २३ ॥ ज्युं जिण आज्ञा मांहि पाप होवे तो। किणरी आज्ञा माहे धर्मों ॥ किणरी आज्ञा पाल्यां शुद्धगति जावे। किणरी आज्ञा स्युं कटे कर्मोंरे ॥
॥ २४ ॥ छांटां आवे छै तिण मांहि साधु। मातरो परठे दिसां जावै ॥ तिणरे छै पिण जिनजीरी आज्ञा। तिणसें कुण पाप बतावेरे ॥ २५ ॥ साधु राते लघु बड़ी नीत दोनूं हीं। परठण जावे अछांहि ॥ वले सिज्झाय वारे रातेथांनक वारे। जावे आवे अछायां मांहिरे ॥ २६ ॥ इत्यादिक साधु राते काम पड़े जब। अछायां आवेने जावै ॥ तिणने पिणछै जिनजीरी आज्ञा। तिणसे कुण पाप बतावेरे ॥ २७ ॥ राते अछायां अपकाय पड़े छै। तिणरी घात साधु थी थाय ॥ ओपिण न्याय नदी जिम जाणो। तिणने पाप किसो विध थायरे ॥ २८ ॥ नदी मांहिं बहती साधवी ने। साधु राखे हाथ संभावे ॥ तिण मांहिं पिण छै जिनजीरी आज्ञा। तिणमे कुण पाप बतावेरे ॥ २९ ॥ इर्या समिति चालतां साधु सुं। कदा जीव तणी होवे घात ॥ ते जीव मुआंरो पाप साधुने। लागे नही अंशमातरे ॥
॥ ३० ॥ जो इर्या समिति बिना साधु चाले।

कहा जीव मरे नवि कोय ॥ तो पिण साधुने हिन्सा कुउं कायरी लागे। कर्मतणो बंध होयरे ॥ ३१ ॥ जीव मुआ तिहां पाप न लागो। नमुआ तिहां लागो पाप ॥ जिण आज्ञा संभालो जिण आज्ञा जोवो जिण आज्ञामें पाप म थापोरे ॥ ३२ ॥ जव कोई कहे गृहस्थी हालयां चालयां विण, साधुने किम वहिरावे ॥ हालण चालणरी तो नही जिन आज्ञा। चालयांविण तो वहरावणो नाविरे ॥ ३३ ॥ वैठो होवे तो उठ वहरावे। उभो होवे तो वैठ वह-रावे ॥ वैठन उठणारी तो नही जिन आज्ञा। तो वारमों व्रत किम निपजावेरे ॥ ३४ ॥ जो जिन आज्ञा वारे पाप होवेतो। हालण चालणरो पाप थावे ॥ साधांने वहरायांरो धर्म ते चौवड़े। कोइड़-सड़ी चरचा लावेरे ॥ ३५ ॥ कोई कहे चालणरी तो जिन आज्ञा नाही। तोही चाल वहरायांरो धर्म ॥ जिण अगन्याविन चाल्या तिणने। लागो नही पाप कर्मरे ॥ ३६ ॥ इणविध कुहेत लगावे अज्ञानी। धर्म कहे जिन आज्ञावारे ॥ हिवे जिन अगन्यां मांहि धर्म श्रद्धणरा। थे जाव हिया मांहि धारोरे ॥ ३७ ॥ मन वचन कायारा जोग तीनूं हो। सावद्य निर्वद्य जाण ॥ निर्वद्य जोगांरी श्रीजिन आज्ञा। तिणरी

करजो पिछाणरे ॥३८॥ जोग नाम व्यापार तणों छै। तेभलाने भूंडा व्यापार ॥ भला जोगांरी जिन आज्ञा छै। माठा जोग जिन आगन्यां बाररे ॥ ३९ ॥ मन वचन काया भला ब्रतावो गृहस्थने कहै जिन रायो। ते काया भणी किण विध प्रवर्ता वे। तिणरो विवरो सुणो चित्त लायोरे ॥ ४० ॥ निर्वद्य कर्तव्यरी छै श्रीजिन आज्ञा। तिण कर्तव्यने काया जोग जाण ॥ तिण कर्तव्यरी छै श्रीजिन आज्ञा। तिण कर्तव्यने करो आगीवाणरे ॥ ४१ ॥ साधांने आहार हाथांस्यूं बहरावे। उठ बैठ बहरावे कोय। ते बहरावणरो कर्तव्य निर्वद्य छै। तिण मे श्री जिन आगन्यां होयरे ॥ ४२ ॥ निर्वद्य कर्तव्य गृहस्थी करे छै। त्याने आगन्यां दे जिनराय ॥ ते कर्तव्य तो काया स्यूं करसी। पिण न कहै थे चला वो कायरे ॥ ४३ ॥ निर्वद्य कर्तव्यारी आगन्यां दीधां। पाप न लागे कोय ॥ हालण चालणरी आगन्यां दीधां। गृहस्थ स्यूं संभोग होयरे ॥ ४४ ॥ बेसो सुवो उभो रहो ने जावो। गृहस्थ ने साधु न कहै आम ॥ दशवैकालिकरे सातमें अध्ययन। सैंतालीसमीगाथा में तांमरे ॥ ४५ ॥ उभारो कर्तव्य बेठारो कर्तव्य। करणों कहै जिन राय। पिण

बैठन उठन री नहीं कहे ग्रहस्थ ने। थे विचार देखो मन मांयरे ॥ ४६ ॥ निर्वद्य कर्तव्य री आगन्यां दीधां। निर्वद्य चालवो तेमांहे आयो। कर्तव्य छोड़ने चालणरी आज्ञा देवे तो ग्रहस्थरो संभोगी थायोरे ॥४७॥ ग्रहस्थरे द्वार पड्यो कप-ड़ादिक। जब साधु सुं जाणीनावे मांहि ॥ जब कोई ग्रहस्थ भेलो करे कपड़ादिक। साधुने मारग देवे ताहिरे ॥ ४८ ॥ साधांने मारग देवे जावण आवणरो। ते कर्तव्य निर्वद्य चोखो ॥ जो कपड़ादिक रे काम भेलो करे तो सावद्य काम छे देखोरे ॥ ४९ ॥ तिणसूं साधु कहे ग्रहस्थने। म्हांने जायगां दो जावां मांहि ॥ पिण कपड़ादिक भेलो करो सां वटने। इसड़ी न काढे वाहरे ॥५०॥ ग्रहस्थरो उपधि करे आगो पाछो। वैसायचा सोयवादिकरे काम ॥ ते पिण कर्तव्य निर्वद्य जाणो। नहीं उपधि उपर परि-णामरे ॥ ५१ ॥ केइ श्रीजिन आगन्यां बारे अज्ञानी। धर्म कहे छे ताम ॥ ते भोला लोकांने भ्रम में पाड़े। लेइ अनेक बोलांरो नामरे ॥ ५२ ॥ श्रावकरी मांहों मांहि करे वियावच। वलिसाता पूछे नें पुछावे। तिणमें श्री जिन आगन्यां नहीं दिसे। तिण मांहे धर्म बतावेरे ॥ ५३ ॥

श्रावकारी मांहीं मांहि वयावच कीधी। तिण दियो शरीररो साज। छवकायारो शसत्र तिखो कीधो। तिण स्यूं आज्ञा न दे जिनराजरे ॥ ५४ ॥ गृहस्थोरी वयावच कीधी तिणरे। अठाइसमुं अणाचार। साता पुछ्यांरो अणाचार सोलमुं। तिणसे धर्म नहीं छै लिगार रे ॥ ५५ ॥ शरीरादिक ने श्रावक पूंजे। मातरादिक ने परठैपूंजे। इत्यादिक कारजरी नहीं जिन आज्ञा। धर्म कहै त्याने सब लो न सूजेरे ॥५६॥ शरीरपुंजे मातरादिक परठै। तेतो शरीरादिकरो छै काज। जो धर्म तणोंए कार्य हुवे तो। आगन्यां देता जिनराजरे ॥ ५७ ॥ जो पुंजणों परठणो न करे जावक। तो काया थिर राखणी एक ठाम। पिण हस्तादिकने विण चलायां रहणी नावे तामरे ॥ ५८ ॥ लघु बड़ी नीत तणी अवाधा। खमणी ठमणी न आवे ताम। पूंजे परठे तोइ सावद्य कर्तव्य छै। जिन आज्ञारो नवि कामरे ॥५९॥ कदा थोड़ी बुद्धि त्यांने समज न पड़े। तो। राखणी जिण प्रतीत आगन्यां मांहे पाप आज्ञा बारे धर्म। इसड़ी न करणी अनितरे ॥६०॥ जिन आगन्यां मांहे पाप कहै छै। ज्यांरो मत घणो छै माठो। जिण आगन्यां बारे धर्म कहै छै

